अग्रवाल महाविद्यालय में अंतर्महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आज दिनांक 6 दिसंबर 2021 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय तीन दिवसीय अंतर्महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उदघाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. सुबेश पांडे प्राचार्य अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन पधारे । कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी की सद्प्रेरणा से हुआ। कार्यक्रम का आरंभ खेलकूद संयोजक डॉ. के. एल. कौशिक जी के स्वागत भाषण से हुआ। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि श्रीमती कमल टंडन व डॉ. के. एल. कौशिक ने मुख्य अतिथि को पौधा देकर औपचारिक स्वागत किया। शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह, श्री नंदकिशोर व श्री मोहित हुड्डा ने विशिष्ट अतिथि महोदया श्रीमती कमल टंडन को पौधा भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने भाषण में कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें तथा खेल में भागीदारी जीतने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी व खेलकूद को स्वस्थ रहने का आधार बताया। मंच संचालन इतिहास विभाग की सुप्रिया ढांडा ने किया।